Seventeenth Loksabha

>

Title: Demand to open the grade crossing no. 50C and 52C in Lalganj, Uttar Pradesh.

श्रीमती संगीता आजाद (लालगंज): अध्यक्ष महोदय, मैं सदन के माध्यम से अपने संसदीय क्षेत्र लालगंज में सरायमीर रेलवे स्टेशन के पूरब ग्राम पवई-लाड़पुर समपार संख्या 50 सी एवं ग्राम खरेवा समपार संख्या 52 सी है । यहां अंग्रेजों के जमाने से पटरी बिछायी गई है । उक्त दोनों गेटों से 50 गांवों की जनता जाती है । छात्र-छात्राओं के लिए मदरसा, स्कूल, कॉलेज एवं ब्लॉक आदि तक जाने का यही एकमात्र रास्ता है । किन्तु जनवरी, 2018 में 50सी और 52सी को बंद कर दिया गया है, जिससे क्षेत्रीय जनता का आवागमन पूरी तरह से प्रभावित हो रहा है । इस बारे में शासन-प्रशासन और संबंधित अधिकारियों को भी सूचित कर दिया गया है लेकिन अभी तक कोई सकारात्मक कार्रवाई नहीं हुई है । अत: आप से अनुरोध है कि संपूर्ण जनता की जनभावना के हित में समपार संख्या 50सी और 52सी को पुन: खोलने हेतु संबंधित अधिकारी को निर्देशित करने की कृपा करें । बहुत-बहुत धन्यवाद ।

माननीय अध्यक्ष : श्री रेखा अरूण वर्मा को श्रीमती संगीता आजाद द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।